# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.02.2019 को सम्पन्न हुयी तृतीय बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नोक्त सदस्यगण उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 3. | मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कानपुर नगर<br>प्रतिनिधि– श्री वी0पी0 सिंह, सहा0 अभि0, लोक निर्माण विभाग, कानपुर | सदस्य |
| 4. | निदेशक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, नीलगिरी काम्पलेक्स, इंदिरा नगर, लखनऊ<br>प्रतिनिधि– श्री विनीत सिघंल, अ0अ0, उ0प्र0आ0वि0 परिषद, कानपुर | सदस्य |
| 5. | महाप्रबन्धक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, कानपुर<br>प्रतिनिधि– श्री आर0एन0 अग्निहोत्री, परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव |
| 7. | श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 8. | प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, अनुरक्षण अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |

**2.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.12.2018 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

संस्थान की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.12.2018 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त को समिति ने अवलोकनोपरान्त पुष्टीकरण किया।

**2.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.12.2018 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय द्वारा भवन निर्माण समिति की द्वितीय बैठक में लिए गये निर्णयों पर अनुरक्षण अनुभाग द्वारा कृत कार्यवाही को संज्ञान में लेते हुये निम्नोक्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गयेः

| मद सं0 | विषय | कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|
| 2.03(i) | इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 भवन की स्वीकृत धनराशि में परिर्वतन के कारण भवन के परिवर्तित मानचित्र एवं आगणन पर विचार | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 2.03(ii) | राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों के आगणन एवं मानचित्र पर विचार | समिति ने निर्माण इकाई को समस्त अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य मार्च 2019 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। |
| 2.03(iii) | विश्वविद्यालय में पं0 दीनदयाल उपाध्याय क्वालिटी इम्प्रूवमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित बहुउद्देशीय भवन/हाल के आगणन एवं मानचित्र पर विचार | समिति ने निर्माण इकाई को आवंटित धन की सीमान्तर्गत आगणन प्रस्तुत करते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही अतिशीघ्र किये जाने हेतु निर्देशित किया। |
| 2.03(iv) | विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में 400 क्षमता के छात्र–छात्रावास के पुनरीक्षित आगणन पर विचार | समिति ने निर्माण इकाई से प्राप्त आगणन को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया। |

| | | |
|---|---|---|
| 2.03(v) | विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में निर्माणाधीन 200 छात्र क्षमता के छात्रा–छात्रावास के फर्नीचर एवं मेस ब्लाक के निर्माण के आगणन पर विचार | प्रस्ताव क्रमांक 3.03(vii) पर प्रस्तुत। |
| 2.04(i) | विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण स्थित मुख्य भवन के उत्तरी द्वार को खोले जाने हेतु (Operational) आवश्यक निर्माण/अनुरक्षण कार्य | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 2.04(ii) | विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में ए0आई0टी0एच0 के पास गार्ड रूम एवं सड़क के किनारे इन्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 2.04(iii) | विश्वविद्यालय के शैक्षिक विभाग, स्थापना विभाग एवं लेखा विभाग के कक्षों में रिनोवेशन सम्बन्धी कार्य | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 2.04(iv) | विश्वविद्यालय में जगह–जगह क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल के निर्माण के आगणन पर विचार | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 2.04(v) | विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में एक नग नया नलकूप निर्माण, शिरोपरि जलाशयों को ठीक कराते हुये मुख्य पेयजल आपूर्ति लाइन में संयोजन किये जाने के सम्बन्ध में | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 2.04(vi) | विश्वविद्यालय के नवीन कम्प्यूटर सेन्टर के निर्माण पर विचार | समिति ने प्रकरण को अगली बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जाने हेतु निर्देशित किया। |
| 2.04(vii) | विश्वविद्यालय में नये लेक्चर हाल काम्पलेक्स के निर्माण प्रस्ताव पर विचार | समिति ने प्रकरण को अगली बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जाने हेतु निर्देशित किया। |
| 2.04(viii) | विश्वविद्यालय में प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण प्रस्ताव पर विचार | समिति ने प्रकरण को अगली बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जाने हेतु निर्देशित किया। |
| 2.05 | विश्वविद्यालय के अति प्राचीन एवं निष्प्रयोज्य भवनों के निस्तारण पर विचारः | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लेते हुये प्रकरण को लोक निर्माण विभाग को मूल्यांकन की अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया। |
| 2.06 | विश्वविद्यालय में फायर फाइटिंग का कार्य कराये जाने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0नि0लि0 द्वारा प्रस्तुत आगणन पर विचार | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 2.07 | विश्वविद्यालय में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0नि0लि0 द्वारा प्रस्तुत आगणन पर विचार | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 2.08 | विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों के सेक्शन ड्राइंग, ले–आउट प्लान एवं डिजिटल मैप बनाये जाने हेतु आर्किटेक्ट की सेवायें लिये जाने पर विचार | समिति ने कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |

3.03 विश्वविद्यालय में प्रस्तावित निर्माण/अनुरक्षण कार्यों पर विचार।

**3.03(i) विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 भवन का अनुरक्षण कार्य के आगणन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय में निकट भविष्य में राष्ट्रीय प्रत्यानयन बोर्ड के दल द्वारा विश्वविद्यालय की प्रत्यानयन मान्यता हेतु भ्रमण प्रस्तावित है अतः उक्त भ्रमण से पूर्व सिविल इंजी विभाग के अनुरक्षण कार्य हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 से प्राप्त आगणन रू0 63.45 लाख पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित आन्तरिक समिति द्वारा दी गयी रिपोर्ट के अनुसार संशोधित धनराशि कुल रू0 27.35 लाख के आगणन को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिस पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

**3.03(ii) विश्वविद्यालय के यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के अनुरक्षण कार्य के आगणन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय में निकट भविष्य में राष्ट्रीय प्रत्यानयन बोर्ड के दल द्वारा विश्वविद्यालय की प्रत्यानयन मान्यता हेतु भ्रमण प्रस्तावित है अतः उक्त भ्रमण से पूर्व यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के अनुरक्षण कार्य हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 से प्राप्त आगणन रू0 70. 22 लाख पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित आन्तरिक समिति द्वारा दी गयी रिपोर्ट के अनुसार संशोधित धनराशि कुल रू0 28.58 लाख के आगणन को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिस पर समिति ने टाइल्स लगाये जाने सम्बन्धी कार्यों को सामिल करते हुये कुल रू0 35.00 लाख की सीमान्तर्गत कार्य कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**3.03(iii) विश्वविद्यालय के विद्युत अभियंत्रण विभाग के अनुरक्षण कार्य के आगणन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय में निकट भविष्य में राष्ट्रीय प्रत्यानयन बोर्ड के दल द्वारा विश्वविद्यालय की प्रत्यानयन मान्यता हेतु भ्रमण प्रस्तावित है अतः उक्त भ्रमण से पूर्व विद्युत अभियंत्रण विभाग के अनुरक्षण कार्य हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 से प्राप्त आगणन रू0 97.99 लाख पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित आन्तरिक समिति द्वारा दी गयी रिपोर्ट के अनुसार संशोधित धनराशि कुल रू0 51.06 लाख के आगणन को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिस पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

**3.03(iv) विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एवं इंजी0 विभाग के अनुरक्षण कार्य के आगणन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय में निकट भविष्य में राष्ट्रीय प्रत्यानयन बोर्ड के दल द्वारा विश्वविद्यालय की प्रत्यानयन मान्यता हेतु भ्रमण प्रस्तावित है अतः उक्त भ्रमण से पूर्व कम्प्यूटर साइंस एवं इंजी0 विभाग के अनुरक्षण कार्य हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 से प्राप्त आगणन रू0 110.43 लाख पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा गठित आन्तरिक समिति द्वारा दी गयी रिपोर्ट के अनुसार संशोधित धनराशि कुल रू0 86.32 लाख के आगणन को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिस पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

**3.03(v) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में ए0आई0टी0एच0 के पास गार्ड रूम एवं सड़क किनारे इन्टरलाकिंग टाइल्स लगान का कार्यः–**

भवन निर्माण समिति की द्वितीय बैठक में दिये गये निर्देशानुसार प्रश्नगत कार्य में पी0सी0सी0 के स्थान पर जी0एस0वी0 लिये जाने हेतु सम्बन्धित निर्माण इकाई को निर्देशित किया गया था। उक्त के क्रम में निर्माण इकाई द्वारा प्रस्तुत संशोधित आगणन रू0 48.10 लाख समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिस पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

**3.03(vi) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में निर्माणाधीन 400 सीटेड छात्रावास के सम्बन्ध में:–**

भवन निर्माण समिति की द्वितीय बैठक में दिये गये निर्देशानुसार निर्माण इकाई उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा कुल रू0 174.95 लाख का आगणन प्रस्तुत किया गया था, जिसे शासन को भेजा गया था, जिस पर शासन द्वारा कतिपय प्रेच्छायें की गयी थीं। उक्त के क्रम में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा प्रस्तुत आगणन का परीक्षण आन्तरिक समिति द्वारा कराया गया। तद्उपरान्त अवशेष बचे कार्यों हेतु रू0 174.95 लाख का आगणन विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। भवन निर्माण समिति द्वारा विचारोपरान्त आन्तरिक समिति द्वारा प्रस्तुत धनराशि रू0 174.95 लाख के पुनरीक्षित आगणन पर अनुमोदन प्रदान करते हुये प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिये गये।

**3.03(vii) विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में निर्माणाधीन 200 छात्र क्षमता के छात्रा–छात्रावास के मेस ब्लाक के निर्माण के आगणन एवं निर्माणाधीन 200 सीटेड छात्रा–छात्रावास, 400 सीटेड छात्र–छात्रावास एवं 36 सीटेड छात्रा–छात्रावास के फर्नीचर के आगणन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में 200 सीटेड छात्रा–छात्रावास का निर्माण कार्य, निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0स0 संघ (पूर्ववर्ती पैकफेड) द्वारा शासनादेश संख्या 4809/सोलह–1–2016–9(बजट–6)/2016टी0सी0 दिनांक 03.01.2017 के द्वारा किया जा रहा है। निर्माणाधीन 200 सीटेड छात्रावास के आवंटित बजट में मेस ब्लाक के निर्माण कार्य एवं छात्रावास के फर्नीचर का क्रय सम्मिलित नहीं है। उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में निर्माणाधीन 36 सीटेड छात्रावास व पश्चिमी प्रांगण में 400 सीटेड छात्रावास में भी फर्नीचर का क्रय सम्मिलित नहीं है। अतः निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 ने 200 सीटेड छात्रावास में मेस ब्लाक निर्माण के आगणन रू0 164.01 लाख व उपरोक्त तीनों छात्रावासों व मेस ब्लाक के फर्नीचर के आगणन रू0 250.01 लाख सहित कुल आगणन रू0 414.20 लाख का प्रस्तुत किया गया था। जिस पर समिति ने फर्नीचर के आगणन 250.01 लाख को हटाते हुये मेस ब्लाक के आगणन रू0 164.01 लाख के आगणन का परीक्षण आन्तरिक समिति से कराते हुय मा0 कुलपति महोदय को अन्तिम निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया।

**(प्रो0 प्रदीप कुमार)**
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर

**(प्रो0 एन0बी0 सिंह)**
कुलपति
एवं अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर